तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 17.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि

रायपुर, बुधवार 18 फरवरी 2026

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

12 देश में एक ही ऐसा राज्य जिसे महतारी का दर्जा...



12 बिजली कटौती व लो-वोल्टेज की समस्या को लेकर ...



## खबर संक्षेप

### 2 किलो गांजा जब्त एक युवक गिरफ्तार

**महासमुंद।** कोतवाली पुलिस ने स्थानीय रेलवे स्टेशन माल धक्का के पास एक युवक के कब्जे से 2 किलो गांजा बरामद किया है। पुलिस ने उक्त कार्रवाई मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर की। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक गांजा का परिवहन कर रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी फिरोज खान पिता स्व. शरीफ खान (33 वर्ष) निवासी खाटकीबाड़ा गमड़ी गुजरात को 2 किलो गांजा के साथ पकड़ा। जब्त गांजा की कीमत 1 लाख रु. बताया गया है। साथ ही पुलिस ने एक मोबाइल कीमती 5500 रु. व नकद रकम 570 रुपए भी बरामद किया है, आरोपी उक्त गांजा को खपाने ग्राहक की तलाश कर रहा था। आरोपी के विरूद्ध 20 (बी) नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

### ई-भर्ती पोर्टल पर आवेदन 3 मार्च तक

**महासमुंद।** महासमुंद (ग्रामीण) एकीकृत बाल विकास परियोजना अंतर्गत ग्राम पंचायत जोगीडीपा के ग्राम जोगीडीपा में आंगनबाड़ी सहायिका का 1 पद रिक्त होने पर ई-भर्ती पोर्टल के माध्यम से 16 फरवरी 2026 को ऑनलाइन विज्ञापन जारी किया गया है। एकीकृत बाल विकास परियोजना अधिकारी ने बताया कि इस पद के लिए इच्छुक एवं पात्र महिला अभ्यर्थी 17 फरवरी से 3 मार्च 2026 तक ई-भर्ती पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### मुक्तिधाम के लिए किया गया भूमिपूजन



**सरायपाली।** नगर के नई कृषि उपज मंडी के पीछे समाज के मुक्तिधाम बनाने भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें भाजपा अध्यक्ष चंद्र कुमार पटेल, वार्ड नंबर 11 स्वर्ण सिंह सलूजा, वार्ड नंबर 7 सविता जायसवाल, वार्ड नंबर 10 आशीष सेन एवम घसिया समाज से कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रसाय मांझी, शहर प्रमुख टिंकू सारथी, लक्ष्मी राम बेहेरा, पीतांबर बाघ, तिहारू करिया, श्याम बंछोर, करिया बंछोर, कैलाश, नमो नारायण डोंगरे, आकाश पात्रो, उदय कुमार सारथी, डबलू सेन, बल्लू महानंद, चंदर, सुभाष बंछोर, श्रवण कुमार, टीकू सारथी आदि मौजूद रहे।

# हटाई जाएंगी शहर के आबादी क्षेत्रों में संचालित मटन-मुर्गा की दुकानें

## बिना अनुमति संचालन और नागरिकों की परेशानी को देखते हुए पालिका एक्शन मोड में

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर में पृथक मटन व मुर्गा मार्केट होने के बावजूद रिहायशी इलाकों में सालों से बिना अनुमति मटन मुर्गा दुकाने संचालित है। पालिका द्वारा इन अनुमति अप्राप्त दुकानों के खिलाफ सख्ती बरतने की तैयारी की जा रही है। आगामी दिनों में आवासीय क्षेत्रों में इन दुकानों के लिए अनुमति नही दी जाएंगी। साथ ही पहले से बिना अनुमति संचालित इन दुकानों पर पालिका अमले द्वारा कार्रवाई किए जाने की तैयारी है।

उल्लेखनीय है कि शहर के विभिन्न रिहायशी क्षेत्रों में संचालित मटन-मुर्गा दुकानों को लेकर स्थानीय नागरिकों में लगातार आक्रोश बढ़ता जा रहा था। इन दुकानों के कारण इलाके में गंदगी, बदबू और संक्रमण फैलने का खतरा होने से सामान्य जनजीवन भी प्रभावित होता रहा है। शहर के कई वार्डों में अलग-अलग स्थानों पर मटन-मुर्गा दुकानें घनी आबादी के बीच संचालित हो रही हैं, जहां खुले में मांस काटा जा रहा है और अपशिष्ट सामग्री नालियों में फेंकी जा रही है। इससे आसपास के वातावरण में दुर्गंध फैलने की भी शिकायत पालिका प्रशासन को मिलती रही है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय नागरिकों ने पालिका प्रशासन से मांग करते हुए इस संबंध में ध्यानाकृष्ट कराया कि रिहायशी क्षेत्रों में अवैध दुकानों को हटाया जाए। साथ ही इन दुकानों का लाइसेंस और स्वच्छता जांच हो और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। जिसके बाद पालिका द्वारा एक्शन लेने की तैयारी की जा रही है।




### नियमों के बावजूद हो रहा उल्लंघन

नगर निकाय के नियमों के अनुसार मटन-मुर्गा दुकानों को लाइसेंस, स्वच्छता और ढके हुए ढांचे में संचालन करना अनिवार्य है। बावजूद इसके कई दुकानों में इन नियमों का पालन नहीं हो रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक सलामे ने आबादी वाले क्षेत्रों में बिना अनुमति के संचालित की जा रही मटन व मुर्गा दुकानों पर सख्ती बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होनें कहा है कि कि शहर के आबादी क्षेत्रों में जाकर स्वच्छता का निरीक्षण किया जाएगा। उन्होनें निर्धारित नियमों का पालन करने और बिना अनुमति दुकान संचालन पर दुकान न लगाएं। सार्वजनिक स्वास्थ्य और नागरिक सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है।

## मांग : ग्रामीणों ने कलेक्टर से की शिकायत, नामांतरण निरस्ती की मांग

# तरेकेला कबीर आश्रम की 12 एकड़ जमीन पर फर्जीवाड़े का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला मुख्यालय में मंगलवार को तरेकेला ग्राम के सैकड़ों ग्रामीण और कबीर पंथ के अनुयायी कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौंपकर ग्राम तरेकेला स्थित प्राचीन कबीर कुटी आश्रम की लगभग 12 एकड़ जमीन को खुर्द-बुर्द होने से बचाने और फर्जी तरीके से कराए गए नामांतरण को निरस्त करने की मांग की है।

शिकायत के अनुसार, ग्राम तरेकेला के खसरा नंबर 54, 56, 76, 78, 79 और 838 की कुल 12 एकड़ जमीन साल 1929 में तत्कालीन मालगुजारों द्वारा प्राचीन कबीर कुटी आश्रम को दान में दी गई थी। इस जमीन के भूमि स्वामी के रूप में सुखदेव दास और अनुराग दास का नाम दर्ज था। अनुराग दास बाल ब्रह्मचारी थे और उनका कोई परिवार नहीं था। साल 1983 में सुखदेव दास की मृत्यु हो गई। ग्रामीणों का आरोप है कि गोपाल दास नामक व्यक्ति, जिसके पिता का नाम असल में लोकनाथ सिदार है और वह ग्राम सराईपतेरा (सराईपाली) का निवासी है, उसने खुद को सुखदेव दास का पुत्र बताकर साल 1994 में फर्जी तरीके से राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करा लिया।



### आश्रम से नहीं है कोई संबंध

कलेक्टर को सौंपे गए पत्र में बताया गया है कि गोपाल दास साल 1982 से ही काशी कबीर चौरा मठ, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) में रह रहा है। उसके पास उपलब्ध आधार कार्ड, वोटर आईडी और बैंक पासबुक जैसे सभी दस्तावेज भी वाराणसी के ही हैं। तरेकेला स्थित प्राचीन कबीर कुटी से उसका कोई व्यावहारिक संबंध नहीं रहा है। आश्रम की व्यवस्था 1991 तक नब्बो दास, उसके बाद 2019 तक संत माधव दास और वर्तमान में लखन मुनि संभाल रहे हैं।

### जमीन बेचने की साजिश का अंदेशा

ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि गोपाल दास इस 12 एकड़ जमीन को बेचने की साजिश रच रहा है। चूंकि यह जमीन दान में आश्रम के लिए दी गई थी, इसलिए ग्रामीण इसे कबीर सेवा आश्रम समिति के नाम पर नामांतरित करने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस फर्जीवाड़े की उच्च स्तरीय जांच की जाए और शासकीय अभिलेखों में सुधार कर आश्रम की संपत्ति को सुरक्षित किया जाए।

आवेदन में स्पष्ट किया गया है कि गोपाल दास गोंड जाति से है। जबकि, सुखदेव दास वैष्णव (बैरागी) समाज से थे। ऐसे में पिता-पुत्र होने का दावा पूरी तरह निराधार और वैधानिक रूप से गलत है।

ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य त्रिलोचन नायक, ग्रामीण प्रेमसागर पटेल, दानदाता परिवार से लक्ष्मी परेश्वर (पूर्व जनपद सदस्य), ऊदल सिदार, नेपाल सिंह पटेल, मोतीलाल पटेल, चक्रधर पटेल, बिहारी पोर्टे, लाल सिंह परेश्वर, लाल सिंह सिदार, मकरध्वज परेश्वर, सोनसाय खूंटे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने कहा है कि यदि दान भूमि को निजी घोषित करने की प्रक्रिया पर रोक नहीं लगाई गई तो वे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। ग्रामीणों ने प्रशासन की जांच और आगामी कार्रवाई पर भरोसा जताया हैं।

### कनेकेरा के वार्ड 9 और 10 में जल संकट, बेरुखी से नाराज ग्रामीणों ने कलेक्टर से लगाई गुहार



महासमुंद। भीषण गर्मी की शुरुआत से पहले ही ग्राम पंचायत कनेकेरा के श्याम नगर और वार्ड क्रमांक 9 व 10 में पानी की किल्लत ने विकराल रूप ले लिया है। महीनों से पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे ग्रामीणों का धैर्य आखिरकार जवाब दे गया। सोमवार को बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर कलेक्टर जनदर्शन में अपनी पीड़ा सुनाई और जल्द से जल्द नए बोर खनन की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने पानी की समस्या को लेकर ग्राम पंचायत में एक-दो बार नहीं, बल्कि चार बार लिखित आवेदन दिया है। इसके बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पंचायत उनकी मूलभूत समस्याओं के प्रति पूरी तरह संवेदनहींन बना हुआ है। वार्ड के निवासी नंदकुमार ध्रुव, हेमलाल, दयालूराम, दामनी साहू, अमन, यश और अन्य ग्रामीणों ने बताया कि मोहल्ले में स्थित पुराने जल स्रोत सूख चुके हैं। वर्तमान में स्थिति यह है कि महिलाओं को काफी दूर से पानी ढोकर लाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कलेक्टर महोदय से निवेदन किया है कि क्षेत्र में खनन उद्योग (नया बोर) के माध्यम से पानी की व्यवस्था की जाए। आने वाले ग्रीष्मकाल को देखते हुए तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था की जाए।

## पिथौरा में अवैध महुआ शराब के खिलाफ कार्रवाई, 76 लीटर शराब जब्त



**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर जिले में अवैध शराब निर्माण एवं विक्रय पर आबकारी विभाग द्वारा सतत कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में आबकारी विभाग द्वारा पिथौरा विकासखंड अंतर्गत खैरखूंटा क्षेत्र में छापेमारी कर 76 लीटर हाथ भट्ठी महुआ मदिरा जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 15,200 है। आबकारी विभाग ने आरोपी रघुनाथ सेठ के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1), 34(2) एवं 59 (क) के तहत प्रकरण क्रमांक 01 कायम किया है। कार्रवाई के दौरान मौके से एक वाहन भी जब्त किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 20,000 है। यह कार्रवाई थाना पिथौरा क्षेत्र अंतर्गत की गई। इस पूरे प्रकरण की विवेचना आबकारी उपनिरीक्षक नीरज कुमार साहू द्वारा की जा रही है।

## ट्रक से भारी मात्रा में गांजा बरामद



**महासमुंद।** कोमाखान थाना क्षेत्र में सुअरमार और घोयनाबाहरा के समीप पुलिस ने एक ट्रक से बड़ी मात्रा में गांजा जब्त किया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम टेमरी नाका से संदिग्ध ट्रक का पीछा कर रही थी, जिसके बाद ट्रक को रोककर कार्रवाई की गई। मौके पर मौजूद सूत्रों के अनुसार, ट्रक से करीब डेढ़ क्विंटल गांजा बरामद किया गया है। जब्ती के बाद मौके पर पुलिस बल तैनात रहा और आगे की कार्रवाई की प्रक्रिया जारी रही। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना प्रभारी भी मौके पर पहुंचे। पुलिस द्वारा पूरे मामले की जांच की जा रही है तथा जब्त सामग्री को कब्जे में लेकर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी और आधिकारिक पुष्टि उच्च अधिकारियों द्वारा प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से दिए जाने की संभावना है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## कलेक्टोरेट घेराव में शामिल होंगे छग प्रभारी विजय जागिड़

# मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत कांग्रेस का कलेक्टोरेट घेराव आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने बैठक लेकर जिला पदाधिकारियों के साथ बनाई रणनीति

मनरेगा बचाओ संग्राम के चलते अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आज बुधवार को कलेक्टोरेट घेराव किया जाएगा। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव की अध्यक्षता में जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में रणनीति तय कर जिम्मेदारी सौंपी गई।

मंगलवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव की अध्यक्षता में कांग्रेस भवन में जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई। जिसमें मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत 18 फरवरी को जिला कलेक्टारेट घेराव को लेकर रणनीति तय की गई। उन्होंने बताया कि घेराव कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव व छत्तीसगढ़ प्रभारी विजय जागिड़ व मनरेगा बचाओ संग्राम के प्रभारी व खरसिया विधायक उमेश पटेल शामिल होंगे। बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष यादव ने जानकारी देते हुए कहा कि कांग्रेस केंद्र सरकार की तरफ से मनरेगा का नाम बदले जाने और इसे एक्ट बनाए जाने के विरोध में आंदोलन कर रही है। इससे पहले ब्लॉक स्तर पर घेराव और प्रदर्शन किए जा चुके हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है।




उन्होंने कहा कि मनरेगा के जरिए गांवों में रोजगार सृजन होता है, लेकिन सरकार की उदासीनता से योजना प्रभावित हो रही है।

**बैठक में यह रहे मौजूद-** बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला, झलप पटेवा ब्लॉक अध्यक्ष खिलावन साहू, महासमुंद ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष अन्नू चंद्राकर, शहर मंडल अध्यक्ष खिलावन बघेल, दाऊलाल चंद्राकर, सेवन लाल चंद्राकर, लक्ष्मी देवांगन, मनोज कांत साहू, जिला कोषाध्यक्ष निर्मल जैन, जसबीर ढिल्लो, हीरा बंजारे, सोनम बांसोड़, मानिक राम साहू, पार्षद मुस्ताक खान विक्की, टोमन सिंह कागजी, अमर चंद्राकर, सचिन गायकवाड, हुलास गिरि गोस्वामी, दिलीप चंद्राकर, भूपेंद्र ठाकुर, राजू साहू, सोमेश दवे, राजू यादव, तुलसी साहू, भारत सिंह ठाकुर, ढेलू निषाद, अमन चंद्राकर, तबरेज खान, डॉ एजाज नकवी, प्रदीप चंद्राकर, जय पावर, देवेश शर्मा, गौरव चंद्राकर, जावेद चौहान, कपिल साहू, सुनील चंद्राकर, आरती महंती विजय साव, जीवन यादव, गोपी तारक, मोती साहू, लीलू साहू, बसंत चंद्राकर, मनोहर ठाकुर, रमेश कुमार साहू, आकाश निषाद, सुरेंद्र ठाकुर, अनुराग चंद्राकर, पिंकी बघेल, भानु सोनी, मुकेश कुमार, तुलसी देवदास आदि मौजूद रहे।

# फर्जी पट्टा बना घास भूमि बेचने का आरोप ग्रामीणों ने कलेक्टर से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला मुख्यालय में आयोजित कलेक्ट्रेट जनदर्शन कार्यक्रम में मंगलवार को बागबाहरा विकासखंड के ग्राम पठारीमुड़ा से आए किसानों ने सरकारी और काबिज भूमि की अवैध बिक्री को लेकर गंभीर शिकायत दर्ज कराई है। ग्रामीणों का आरोप है कि बाहरी व्यक्तियों द्वारा पटवारी और पंचायत की मिलीभगत से घास भूमि का फर्जी पट्टा बनवाकर उसे बेचा जा रहा है। शिकायतकर्ता भागीरथी गोंड, जिवराखन गोंड, मंगलूराम गोंड और पुनऊ राम केवट ने बताया कि वे ग्राम पठारीमुड़ा, पंचायत सिर्री के मूल निवासी हैं। उनके पूर्वज पिछले कई दशकों से खसरा नंबर 660, 502, 549, 547 और 596 जैसी जमीनों पर दलहन-तिलहन की खेती कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। किसानों का आरोप है कि वर्तमान में प्रफुल्ल तिवारी, विजय लक्ष्मी तिवारी द्वारा उनकी काबिज भूमि पर अतिक्रमण किया जा रहा है। वहीं, खसरा नंबर 502, जिस पर पुनऊ राम केंवट का कब्जा है, उसे पटवारी से सांठ-गांठ कर अवैध रूप से प्रतिमा चंद्राकर के नाम पर दर्ज कर दिया गया है और वहां तार घेरा लगा दिया गया है।



### शासकीय भूमि को निजी बताकर बेचने का आरोप

ग्रामीणों ने विशेष रूप से खसरा नंबर 548/1 का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि पुराना खसरा नंबर 427, जो कि सरकारी घास भूमि है, उसे वर्तमान में नया नंबर 548/1 देकर बागबाहरा निवासी धनीराम चंद्राकर के नाम पर फर्जी पट्टा बना दिया गया है। आरोप है कि पंचायत ने भी आर्थिक लाभ लेकर इसके लिए प्रस्ताव पारित कर दिया, जबकि असली काबिज किसानों को पट्टा देने से मना किया जा रहा है।

### आत्मदाह की चेतावनी

ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि जिस जमीन पर उनके सिंचाई के बोर लगे हैं और जहां वे वर्षों से खेती कर रहे हैं, उसे बाहरी लोग अवैध रूप से बेच रहे हैं। किसानों ने मांग की है कि खसरा नंबर 660, 502, 549, 547, 596, 548/1 और 548/2 की खरीदी-बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए। पीड़ित किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने इस भू-माफिया के खिलाफ कार्रवाई नहीं की और उनकी जमीनों को नहीं बचाया, तो वे आत्मदाह करने के लिए मजबूर होंगे।

## पटवारी पर नाम चढ़ाने के नाम पर 20 हजार रुपए ठगने का आरोप कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत



**महासमुंद।** जिले के बागबाहरा क्षेत्र में एक पटवारी द्वारा जमीन संबंधी कार्य के लिए रिश्वत लेने का मामला सामने आया है। प्रार्थी मनोज सोनी ने कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन सौंपकर कोमाखान के हल्का पटवारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आवेदक मनोज सोनी, निवासी पुराना थाना पारा (बागबाहरा), के अनुसार उनकी पैतृक संपत्ति कोमाखान में स्थित है। उनके परिवार का बंटवारा वर्ष 1996-97 में ही हो चुका है। इस जमीन में उनकी स्वर्गीय माता के नाम पर दर्ज खसरा नंबर 333/30 रकबा 147.89 वर्ग मीटर और उनके भाई के कब्जे वाली आबादी जमीन खसरा नंबर 333/28, रकबा 603.31 वर्ग मीटर शामिल है। आवेदक का आरोप है कि कोमाखान के हल्का पटवारी श्रीराम दीवान ने इन जमीनों को मनोज सोनी के नाम पर दर्ज करने का झांसा दिया। इस काम के बदले पटवारी ने उन्हें अपने कार्यालय में बुलाया और उनसे 20,000 रुपए नगद ले लिए। रुपए देने के बाद भी जब काम नहीं हुआ, तब आवेदक को ठगे जाने का अहसास हुआ। शिकायतकर्ता ने आवेदन में यह भी उल्लेख किया है कि संबंधित पटवारी ने अपने गृह ग्राम तेंदूकोना में कई एकड़ जमीन पर फार्म हाउस और आलीशान निवास बनाया है। आरोप है कि पटवारी वहां साई दरबार लगाकर भोले-भाले ग्रामीणों को अपने जाल में फंसाता है और उनसे अवैध वसूली करता है। मनोज सोनी ने कलेक्टर से गुहार लगाई है कि पटवारी के इन कार्यों और संपत्ति की गहन जांच की जाए। उन्होंने मांग की है कि दोषी पटवारी के खिलाफ सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की जाए ताकि अन्य ग्रामीणों को इस तरह की धोखाधड़ी से बचाया जा सके।

**खबर संक्षेप**

### माशिम कार्यालय में पोती कालिख



**रायपुर।** बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के बीच सोमवार को माध्यमिक शिक्षा मंडल के कार्यालय में अफरा-तफरी का माहौल रहा। छात्र यहां माशिम द्वारा दसवीं-बारहवीं के परीक्षा शुल्क में हुई वृद्धि का विरोध करने पहुंचे थे। एनएसयूआई द्वारा किए गए इस विरोध-प्रदर्शन के दौरान माध्यमिक शिक्षा मंडल के बोर्ड पर कालिख पोत दी गई। प्रदर्शनकारियों की संख्या को देखते हुए पुलिस बल भी तैनात किए गए थे। घंटेभर तक चले उग्र प्रदर्शन के बाद प्रदर्शनकारियों को मंडल कार्यालय से हटाया गया। गौरतलब है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10वीं-12वीं के परीक्षा शुल्क में वृद्धि कर दी गई है। हालांकि यह बढ़ी हुइ राशि अगले शैक्षणिक सत्र से लागू होगी। छात्रों का कहना है कि नई व्यवस्था गरीब विद्यार्थियों की चिंता छोड़कर आर्थिक बोझ बढ़ाएगी। छात्रों ने आरोप लगाया कि राज्य में लाखों आर्थिक रूप से कमजोर परिवार पहले ही महंगाई और बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं।

### स्वास्थ्य शिविर में 11 प्रकार की जांच निशुल्क



**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा एनएचएमएम आई हॉस्पिटल में 22 फरवरी को निशुल्क स्वास्थ शिविर लगाया जाएगा। इस संबंध में सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि 11 प्रकार की जांच पूरी तरह से निशुल्क होंगी, जिसमें सीबी, सीबीपी, शुगर, ईसीजी, यूरिक एसिड आदि की जांच की जाएगी। साथ ही शिविर में डॉ. सुनील धर्मानी, डॉ सुमंता शेखर पाढ़ी, डॉ. आर. परगनिहा, डॉ. एचपी सिन्हा, डॉ. भारत भूषण, डॉ. मुकेश शर्मा, डॉ. एनडी गजवानी, डॉ. विनोद आहूजा, डॉ. नवीन खूबचंदानी, डॉ. किरण माखीजा, डॉ. नीलिमा आहूजा, डॉ. मूलचंद हरजानी, डॉ. निखिल मोतीरामानी, डॉ. जूही दीक्षित, डॉ. परिधि बजाज, डॉ. प्रशांत मंडारिया, डॉ. यात्रा जैन सहित 40 डॉक्टरों की टीम अपनी सेवा देगी। उन्होंने बताया कि शिविर में इन सुविधाओं का लाभ उठाने अग्रिम पंजीयन के लिए चंदन जयसिंह, लक्ष्मी बजाज, पूजा कुकरेजा, मानसी कुकरेजा, श्वेता सिधवानी, सुधीर रमानी आदि से संपर्क कर सकते हैं।

**सुनवाई:** कलेक्टर ने जनचौपाल में सुनी लोगों की समस्याएं

# श्रम विभाग अंतर्गत मालती को मिलेगी एक लाख की सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित जन चौपाल में जिले के जनसामान्य की समस्याएं सुनी। कलेक्टर लंगेह ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। जनचैपाल में आज कुल 60 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया।





जनचैपाल में ग्राम पीढ़ी निवासी मालती साहनी ने आर्थिक सहायता की मांग करते हुए कलेक्टर को आवेदन सौंपे। इस पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने श्रम विभाग को आवेदिका द्वारा किए गए आवेदन का त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। श्रम विभाग द्वारा जांच करने पर संबंधित आवेदिका का मुख्यमंत्री मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना अंतर्गत आवेदन प्राप्त हुआ है एवं आवेदन स्वीकृत भी किया जा चुका है। कलेक्टर लंगेह के निर्देश पर 19 फरवरी को संबंधित आवेदिका के खाते में आरटीजीएस के माध्यम से योजना की राशि एक लाख रुपए अंतरित की जाएगी।

इसी तरह जन चौपाल में ग्राम कनेकेरा के निवासियों ने पेयजल की समस्या हेतु, ग्राम सिंहरूपाली निवासी गोपाल दीवान ने सामुदायिक भवन के मजदूरी राशि के भुगतान के संबंध में, ग्राम मुंधा सरायपाली निवासी कलावती पटेल ने अधिभोग के अधीन वन भूमि का हक दिलाने हेतु, ग्राम गिधली निवासी मंथीर बारीक ने राशन कार्ड जारी करने, ग्राम जोबा निवासी चेतन लाल साहू ने श्रम पंजीयन कार्ड में संशोधन हेतु, ग्राम कोसरंगी निवासी किसलाल ने मुख्यमंत्री संजीवनी कोष से इलाज दिलाने के लिए आवेदन किए। इसके अलावा शौचालय निर्माण, फौती, सीमांकन, पीएम आवास, अवैध अतिक्रमण, लम्बित राशि भुगतान संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# टोगोपानीकला में सामुदायिक भवन का हुआ लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टोगोपानी कला में नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर के द्वारा विधिवत फीता काटकर भवन का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच प्यारेलाल ठाकुर, बल्ला ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, मेघराज साहू (अध्यक्ष, ग्रामीण विकास समिति), समस्त पंचगण, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक मुख्यातिथि का स्वागत कर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भीखम सिंह ठाकुर ने कहा कि डबल इंजन सरकार के तहत केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राज्य में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में क्षेत्र का निरंतर विकास हो रहा है। उन्होंने उल्लेख किया कि



आदिक्रमयोगी योजना के अंतर्गत 308 ग्राम चिन्हांकित किए गए हैं, जिससे आने वाले समय में क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवन केवल एक भवन नहीं, बल्कि ग्राम की सामाजिक एकता, सहयोग और सामूहिक प्रगति का सशक्त केंद्र है। यह भवन ग्रामवासियों के मांगलिक कार्यक्रमों, सामाजिक बैठकों, सांस्कृतिक आयोजनों एवं विभिन्न जनहित गतिविधियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। ग्राम विकास ही क्षेत्र एवं राष्ट्र विकास की आधारशिला है और इस प्रकार के निर्माण कार्य ग्रामीण जीवन को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। ग्रामवासियों ने सामुदायिक भवन के निर्माण एवं लोकार्पण के लिए जिला पंचायत उपाध्यक्ष के प्रति साधुवाद ज्ञापित करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी क्षेत्र में विकास कार्यों की यह श्रृंखला निरंतर जारी रहेगी।

## मरार समाज नर्राराज की वार्षिक अधिवेशन 1 मार्च को

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

कोसरिया मरार पटेल समाज नर्रा राज की कार्यकारणी बैठक अध्यक्ष पुरुषोत्तम पटेल की अध्यक्षता में ग्राम परसुली के सामाजिक भवन में हुई। सर्वप्रथम समाज के ईष्ट देवी मां शाकंभरी देवी की विधिवत पूजा अर्चना की गई।

बैठक को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सभापति पदुमलाल पटेल को नियुक्त किया। पश्चात समाज पदाधिकारियों का स्वागत गुलाल से टीका लगाकर किया गया। इसके बाद सामाजिक चर्चा में रूपरेखा तैयार आगामी 1 मार्च को वार्षिक अधिवेशन ग्राम नर्रा के सामाजिक भवन में प्रस्तावित है। इस वार्षिक अधिवेशन में समाज में निःस्वार्थ भाव से सेवा और समर्पण देने वाले समाज पदाधिकारी तथा समाज के प्रतिभावान कक्षा दसवीं और बारहवीं में 70 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को समाज द्वारा मोमेंटो पेन भेंटकर सम्मान किया जाएगा। इस प्रकार कोषाध्यक्ष द्वारा सालभर का ब्यौरा और लेखा जोखा पटल पर रखा जाएगा। कार्यकाल समाप्ति होने से नए समाज पदाधिकारी का चयन व गठन भी किया जाना है।

इस दौरान सभापति पदुमलाल पटेल, संयोजक लोचन पटेल, संरक्षक सेतराम पटेल, अध्यक्ष पुरुषोत्तम पटेल, उपाध्यक्ष दुकालुराम पटेल, कोषाध्यक्ष परमेश्वर पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष माखन लाल पटेल, महासचिव नेतराम पटेल, सचिव चंदन पटेल, संगठन सचिव अमरसिंह पटेल, उपकोषाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, युवा प्रकोष्ट अध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी ललित पटेल, कर्मचारी प्रकोष्ट अध्यक्ष कृष्णचंद पटेल, सलाहकार लक्ष्मीनारायण पटेल, जागेश्वर पटेल, गणेशराम, जगदीश पटेल, पंचगण दयाराम पटेल, लीलाराम पटेल, रघुराम पटेल, मुरली पटेल, कपूरचंद पटेल, नोहरसिंह पटेल आदि उपस्थित रहे।

# जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित, नलकूप खनन पर प्रतिबंध, आदेश तत्काल प्रभाव से लागू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा महासमुंद जिले को जलाभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है। यह आदेश छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियमए 1986 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी किया गया है। यह आदेश आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगा।

इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुपमा आनंद ने बताया कि सक्षम अधिकारी की पूर्वानुमति के बिना पेयजल के अतिरिक्त किसी अन्य प्रयोजन के लिए नया नलकूप खनन प्रतिबंधित रहेगा। शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं नगरीय निकायों को पेयजल व्यवस्था के लिए अपने क्षेत्र में नलकूप खनन के लिए पूर्व अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। लेकिन, उन्हें निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करना होगा। जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए नलकूप खनन की अनुमति प्रदान करने के लिए अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी को महासमुंद शहर (नगर पालिका क्षेत्र) एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को संबंधित अनुविभाग के लिए प्राधिकृत किया गया है। ये अधिकारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, नगरीय निकाय एवं तहसील से रिपोर्ट प्राप्त कर नियमानुसार अनुमति प्रदान करेंगे। साथ ही बोरवेल खनन एवं मरम्मत का कार्य केवल पंजीकृत एजेंसियों द्वारा ही किया जाएगा। अधिनियम के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित व्यक्ति या एजेंसी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है।



# कलियुग में हरिनाम जप ही मोक्ष का सरल मार्ग : प्रकाश

### अष्टप्रहरी हरिनाम यज्ञ में सभापति ने सुनीं समस्याएं, शीघ्र समाधान का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कायतपाली में आयोजित अष्टप्रहरी संकीर्तन हरिनाम यज्ञ कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुपम संगम बनकर सामने आया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत बसना के सभापति एवं क्षेत्र क्रमांक 21 अंकोरी के जनपद सदस्य प्रकाश सिन्हा विशेष रूप से सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा भोग-भंडारे में सहभागिता करते हुए ग्रामवासियों से आत्मीय भेंट-मुलाकात की। विभिन्न कीर्तन मंडलियों द्वारा प्रस्तुत हरिनाम संकीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। सभापति सिन्हा ने कहा कि अष्टप्रहरी संकीर्तन हमारी सनातन परंपरा का अभिन्न अंग है। हरे राम, हरे कृष्ण" महामंत्र का सामूहिक जाप मन और आत्मा को शांति प्रदान करता है तथा समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। उन्होंने कहा कि भक्ति के साथ सेवा का भाव ही सच्चा धर्म है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास, पेयजल एवं सड़क संबंधी समस्याओं से अवगत कराया। सिन्हा ने सभी विषयों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर शीघ्र निराकरण कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर ग्राम की सरपंच गीता यादव, उपसरपंच मोहरसाय डडसेना, सोसायटी अध्यक्ष मुरलीधर नायक, परदेसी यादव, महेंद्र प्रधान, परमित सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।



# संकुल केंद्र बसना में टीएलएम मेला





हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

संकुल केंद्र बसना अ में शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ावा देने तथा शिक्षण-अधिगम सामग्री के प्रभावी उपयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से टीएलएम मेला का आयोजन किया गया। इस आयोजन में शिक्षकों ने अपनी रचनात्मकता और नवाचार का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न शिक्षण सामग्रियों का प्रदर्शन किया, जिससे बच्चों के सीखने की प्रक्रिया को अधिक रोचक और प्रभावी बनाया जा सके।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से विकासखंड शिक्षा अधिकारी बद्री विशाल जोल्हे, बीआरसीसी अनिल साल, समन्वयक त्रिकांत बाग, सुरेश नंद तथा वारिश कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने मेले में प्रदर्शित शिक्षण सामग्री का गहन अवलोकन किया तथा शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। टीएलएम मेले में शिक्षकों ने गणित, भाषा, पर्यावरण अध्ययन सहित विभिन्न विषयों से संबंधित चार्ट, मॉडल, गतिविधि-आधारित सामग्री और खेल-आधारित शिक्षण उपकरण प्रदर्शित किए। इन सामग्रियों का उद्देश्य बच्चों की जिज्ञासा बढ़ाना, विषयों को सरल बनाना तथा कक्षा में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना रहा। अधिकारियों ने शिक्षकों को भविष्य में भी नवाचार जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं में बैजयंती नंद, गीतांजलि पंकज, सुरेखा सागर, नमिता मिश्रा, रुपेश साव, सरिता सिदार, मनीषा कुमार, अर्पणा बारिक, लोकनाथ बगर्ती तथा विभुतिभूषण सहित अनेक शिक्षक शामिल रहे। सभी ने उत्साहपूर्वक अपनी शिक्षण सामग्री प्रस्तुत की और आपसी विचार-विमर्श के माध्यम से नए शिक्षण तरीकों पर चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों ने कहा कि टीएलएम मेला जैसे आयोजन शिक्षकों को नवाचार के लिए प्रेरित करते हैं तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रयासों के लिए बधाई दी और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। यह आयोजन शिक्षा क्षेत्र में सकारात्मक पहल के रूप में सराहा गया।

# राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम की हुई समीक्षा, दिए गए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत जिले के सभी विकासखंड के कुष्ठ नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला नोडल अधिकारी कुष्ठ कार्यक्रम डॉ. वीपी सिंह द्वारा की गई।

बैठक में जिले में कुष्ठ रोग नियंत्रण एवं उन्मूलन कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। डॉ. सिंह ने बताया कि नए मरीजों के लिए यूनिफॉर्म लाइन लिस्ट (यूएलपी-4) प्रपत्र अनिवार्य रूप से भरकर समय पर जमा किया जाए। साथ ही संपर्क रोगनिरोधक दवा कवरेज (पीईपी) को वर्तमान 82 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत तक करने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए गए। शासन के निर्देशानुसार सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर को 10 कुष्ठ संभावित मरीज निकालने के लक्ष्य दिया गया।



सभी उपचाररत मरीजों को फॉलोअप करते हुए सभी मरीजों को (यूएलएफ -04 फॉर्मेट) डिसेबिलिटी एंड नर्व फंक्शन जांच अनिवार्य से करने का निर्देश दिया गया। बैठक में मधुराज फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा कुष्ठ रोग से संबंधित देखभाल, व्यायाम तथा विकृति रोकथाम के विषय में लाइव डेमो के माध्यम से उपयोगी जानकारी प्रदान की गई। डॉ. सिंह ने बताया कि कुष्ठ रोगियों को शासन द्वारा पोषण सहायता के रूप में 750 रुपए प्रति माह की राशि सीधे उनके बैंक खाते में प्रदान की जा रही है। इसके लिए सभी मरीजों के बैंक खाते एवं आधार विवरण अद्यतन कर भुगतान प्रक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही विकृति के मामलों में रोगियों को आवश्यक जानकारी, परामर्श एवं सहयोग उपलब्ध कराने तथा समय पर उपचार एवं संदर्भ (रेफरल) सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में एकेश्वर शुक्ला एवं बीएल साहू जिला सलाहकार द्वारा जिले की वर्तमान स्थिति की जानकारी देते हुए बताया गया कि वर्तमान में महासमुंद जिले में कुल 511 प्रकरण, 19 बच्चे के प्रकरण, तथा ग्रेड-2 विकृति के 21 प्रकरण दर्ज हैं।

# सांसद बृजमोहन ने शंकरनगर में ट्रैफिक समस्या के स्थायी समाधान के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शंकर नगर क्षेत्र में लंबे समय से ट्रैफिक जाम की समस्या के स्थायी समाधान करने निगम अफसरों को निर्देश दिए। सोमवार को शंकर नगर क्षेत्र का जायजा लेने पहुंचे श्री अग्रवाल ने आए दिन शंकर नगर क्षेत्र में ट्रैफिक जाम से लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए मार्ग को सुगम आवागमन के लिए तैयार करने की जरूरत बताई। इसके साथ ही कचना में निर्माणाधीन रेलवे ब्रिज का निरीक्षण कर उसके निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने विभागीय अधिकारियों को हिदायत दी। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने राजधानी में सुगम यातायात व्यवस्था के लिए शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस मौके पर उन्होंने निगम अफसरों को चेतावनी दी है कि निर्माण कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।

- **अफसरों को चेताया- विकास कार्यों में लापरवाही सहन नहीं करेंगे**

श्री अग्रवाल ने शहर के मध्य स्थित व्यस्त सड़कों पर ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने,अतिक्रमण हटाने और यातायात से सुचारू संचालन के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने आक्सीजोन को और अधिक जन उपयोगी बनाने के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

वे टिकरापारा स्थित नरैया तालाब पहुंचे और प्रस्तावित दिव्यांग पार्क स्थल का निरीक्षण किया। सांसद श्री अग्रवाल के साथ स्थल निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त विश्वदीप सहित निगम के विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# लाल बहादुर शास्त्री वार्ड के कई हिस्सों में नाली निर्माण नहीं, मच्छरों से परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जोन 9 क्षेत्र स्थित पंडित लाल बहादुर शास्त्री वार्ड के कई हिस्सों में नाली निर्माण नहीं होने से गंदा पानी खाली प्लॉटों में जमा हो रहा है, इससे गंदगी और मच्छर पनपने की समस्या से लोग परेशान हैं। यही नहीं, निगम क्षेत्र में शामिल होने के सालों बाद भी कई इलाकों में पक्की सड़क अब तक नहीं बन पाई है। वार्ड की मूलभूत समस्याओं की धरातल पर स्थिति जानने वार्ड पार्षद रेणु जयंत साहू ने जोन के 9 अधिकारियों ने वार्ड का निरीक्षण किया। इस दौरान जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर, अधीक्षण अभियंता शरद ध्रुव, सहायक अभियंता सैय्यद जोहेब तथा उप अभियंता अंकिता जर्नादन उपस्थित रहे। तालाबों की दयनीय स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए उनके गहरीकरण, साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण एवं संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण मिल सके। निरीक्षण के दौरान वार्ड में संचालित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई।



### गंदे पानी के जाम से बीमारियों को आशंका

वार्ड के निरीक्षण के दौरान विभिन्न मोहल्लों एवं प्रमुख स्थलों का दौरा कर नागरिकों से प्रत्यक्ष संवाद किया गया। पार्षद रेणु -जयंत साहू ने अधिकारियों को अवगत कराया कि वार्ड के कई हिस्सों में नाली निर्माण नहीं होने से वर्षा जल एवं घरेलू उपयोग का गंदा पानी खाली प्लॉटों में जमा हो रहा है, जिससे जलभराव, गंदगी और मच्छरों की समस्या बढ़ रही है। इससे संक्रामक बीमारियों की आशंका है। उन्होंने संबंधित स्थलों पर प्राथमिकता के आधार पर नाली निर्माण एवं जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग रखी। वार्ड पार्षद ने जोन के अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित सड़कों का सर्वे कर जल्द इस संबंध में प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित किया जाए। स्थल निरीक्षण के दौरान वार्ड में सामाजिक एवं सामुदायिक अधोसंरचना की कमी की ओर जोन के अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किया। वार्ड पार्षद रेणु-जयंत साहू ने ने अधिकारियों से कहा, वार्ड बच्चों के खेलने और घूमने फिरने एक भी सुव्यवस्थित गार्डन उपलब्ध नहीं है, युवाओं के लिए ओपन जिम की सुविधा नहीं है तथा सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए सामुदायिक भवन का अभाव है।

# चंगोराभाठा के करन नगर महादेव नगर परमेश्वरी चौक के पास पानी की समस्या



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम जोन 5 कमिश्नरी के अंतर्गत आने वाले भक्त कर्मा माता वार्ड और डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड में लो प्रेशर से पानी की समस्या को लेकर प्रभावित इलाके के रहवासी परेशान हैं। कुछ इलाकों में पीने के पानी की पाइप लाइन भी नहीं बिछ पाई है। ऐसे में चंगोराभाठा के करन नगर, महादेव नगर, परमेश्वरी चौक के आसपास पेयजल समस्या के समाधान की मांग को लेकर महिलाओं ने ईदगाहभाठा पानी टंकी स्थित जोन 5 कार्यालय पहुंचकर जोन कमिश्नर खीरसागर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस की जिला अध्यक्ष निशा शर्मा, छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव पूनम यादव , विनोद सिंह ठाकुर ब्लाक अध्यक्ष, ऋषि देवांगन मंडल अध्यक्ष और छाया पार्षद सुभासनी देवांगन सहित प्रभावित क्षेत्र की महिलाएं शामिल रहीं।

## खबर संक्षेप

### आप नेता हिरासत में, कर रहे थे पेयजल की मांग

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी के बस्तर लोकसभा अध्यक्ष नरेंद्र नाग को सोमवार को प्रदर्शन से पूर्व घर से उठाकर हिरासत में लिया गया। पार्टी का कहना है कि उनके साथ पार्टी के कई अन्य पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को भी बिना स्पष्ट कारण बताए हिरासत में रखा गया है। परिजनों और पार्टी को अब तक यह तक नहीं बताया गया कि उन्हें कहां रखा गया है। यह कार्रवाई लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक अधिकारों का खुला उल्लंघन है। आम आदमी पार्टी का आरोप है कि क्षेत्र में व्याप्त जनसमस्याओं विशेषकर नारायणपुर एवं दक्षिण बस्तर में लंबे समय से चले आ रहे पेयजल संकट को लेकर पार्टी लगातार संघर्ष कर रही है।

## निधन

### निर्मला देवी श्रीश्रीमाल

**महासमुंद।** स्थानीय जैन श्री संघ की धर्मनिष्ठ सुश्राविका निर्मला देवी



श्रीश्रीमाल (83) धर्मपत्नी धरमचंद श्रीश्रीमाल का 17 फरवरी की संध्या आकस्मिक निधन हो गया है। अंतिम यात्रा आज 18 फरवरी दिन बुधवार को प्रातः 11:30 बजे गांधी चौक स्थित निवास स्थान से निकलेगी। वे राजेश श्रीश्रीमाल की माता एवं ऋषभ श्रीश्रीमाल की दादी थीं।

**चर्चा : धान उठाव की समीक्षा, लगभग 50 प्रतिशत धान का उठाव किया**

# जब्त धान का भी भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करें : कलेक्टर लंगेह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति और ई-फाइलिंग पर दिया गया जोर



कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित कर जिले में संचालित शासकीय योजनाओं, कार्यक्रमों एवं आगामी आयोजनों की विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), विभागीय जिलाधिकारी, जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ तथा वीसी के माध्यम से ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर लंगेह ने धान उठाव की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन उपार्जन केंद्रों में डीईओ के विरुद्ध धान का उठाव लंबित है, वहाँ प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र उठाव सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्टॉक का भौतिक सत्यापन करने तथा धान खरीदी पूर्णतः प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जब्त किए गए धान स्टॉक का भौतिक सत्यापन में किसी तरह की लापरवाही न बरती जाए। जप्ती के अनुरूप धान का मिलान करें। इसमें किसी तरह की गड़बड़ी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इसी तरह समितियों में स्टेक का भी सत्यापन सुनिश्चित करें। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में इस वर्ष समर्थन मूल्य पर कुल 10 लाख 19 हजार 568 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। 17 फरवरी की स्थिति में कुल 7 लाख 57 हजार 411 मीट्रिक टन धान के लिए डीओ जारी किया गया है। जिसके विरूद्ध अब तक 5 लाख 11 हजार 538 मीट्रिक टन धान का उठाव कर लिया गया है। बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि डीईसी एवं एल्बेंडाजोल दवा का वितरण एवं सेवन निर्धारित समय-सारणी एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया जाए तथा दवा सेवन स्वास्थ्य कर्मियों की निगरानी में कराया जाए। उन्होंने कहा कि केवल वितरण ही पर्याप्त नहीं बल्कि उसका सेवन भी आवश्यक है। कलेक्टर ने वजन त्यौहार की समीक्षा करते हुए कहा कि वजन त्यौहार में प्राप्त आंकड़ों का सही एंट्री कराना सुनिश्चित करें। इससे 0 से 5 वर्ष के बच्चों के पोषण का सही आंकलन करने में मदद मिलती है।

### समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने की दी जिम्मेदारी

कलेक्टर ने नियुक्त नोडल अधिकारियों को पीएम का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनहित के कार्यों में तेजी, गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए तथा समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करना सभी विभागों की जिम्मेदारी है। उन्होंने खनिज परिवहन पर सतत निगरानी रखते हुए कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसके अतिरिक्त बैठक में अन्य शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की भी विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही उन्होंने पीएम जनमन, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जन चौपाल, समय-सीमा पत्रक और राजस्व प्रकरणों, लोक सेवा गारंटी की समीक्षा करते हुए गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### प्रतिदिन सुबह 10 बजे कार्यालय में उपस्थित रहे सभी अधिकारी-कर्मचारी

बैठक में आधार बेस्ड उपस्थिति प्रणाली को अनिवार्य रूप से पालन करने कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी-कर्मचारी प्रतिदिन सुबह 10 बजे कार्यालय में उपस्थित रहें। उपस्थिति में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को मंगलवार और बुधवार को कार्यालय में रहने के निर्देश दिए है। ई-ऑफिस प्रणाली को लेकर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी फाइलों का मूवमेंट ई-फाइल के माध्यम से ही किया जाए, यह अनिवार्य है। इससे कार्यों में पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित होगी। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री द्वारा गढ़पुलझर, झलप, खल्लारी, सलखंड एवं दुर्गापाली में की गई घोषणाओं के समय-सीमा में तथा गुणवत्ता पूर्ण क्रियान्वयन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य सचिव द्वारा किए गए समीक्षा के अनुरूप विभिन्न विभागों के व्यापक समीक्षा की और शासन से प्राप्त निर्देशानुसार क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं को ध्यान में रखते हुए जिले को विकास क्रम में अग्रणी बनाए रखना है।

# सोलर प्लांट के विरोध में ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन

**विधायक भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ हुई शामिल**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

ग्राम जंगलबेड़ा में निर्माणाधीन सोलर प्लांट का विरोध अब जोर पकड़ने लगा है। एसडीएम कार्यालय के सामने ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू हो गया। ग्रामीणों ने पहले दिन धरना-प्रदर्शन किया। आंदोलन में सरायपाली विधायक चातुरी नंद स्वयं उपस्थित होकर ग्रामीणों के समर्थन में धरने पर बैठी रहीं। साथ ही इसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, ग्रामीण महिलाएं, पुरुष, युवा, ग्राम सरपंच एवं पंचगण भी शामिल हुए। ग्रामीणों ने ग्रामसभा की वैधानिक सहमति के बिना चल रहे निर्माण कार्य पर तत्काल स्थगन आदेश जारी किये जाने तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है।

धरना को संबोधित करते हुए विधायक नंद ने कहा कि जंगलबेड़ा का यह आंदोलन किसी राजनीतिक लाभ का मुद्दा नहीं है बल्कि यह ग्रामसभा के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा की लड़ाई है। यदि ग्राम सभा की वैधानिक सहमति के बिना निर्माण कार्य शुरू किया गया है तो यह सीधे-सीधे कानून का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि आज सैकड़ों ग्रामीण सहित ग्रामीण उपस्थित रहे। महिलाएं और पुरुष अपने अधिकारों के लिए एसडीएम कार्यालय के सामने बैठे यह उनकी मजबूरी नहीं, बल्कि अपने अस्तित्व की रक्षा का संकल्प है। जब तक पूरे मामले की निष्पक्ष जांच पूरी नहीं हो जाती, तब तक निर्माण कार्य पर तत्काल स्थगन आदेश जारी किये जाने की उन्होने मांग की। उन्होंने न्याय मिलते तक इस संघर्ष के जारी रहने की बात कही।

प्रदर्शन में ब्लाक कांग्रेस कमेटी सरायपाली शहर अध्यक्ष कमल अग्रवाल, ग्रामीण अध्यक्ष तेजराम पटेल, छुईपाली अध्यक्ष तन्मय पंडा, भंवरपुर ब्लाक अध्यक्ष घसिया सिदार, ग्रामीण टेकचंद चौधरी, घासीराम चौहान, कैलाश चौधरी, जुगल किशोर भोई, दिनेश भोई, महेश भोई, भागीरथी साहू, दुखित श्याम भोई, कुमोदनी, तुलसा भोई उपस्थित रहे।

# विद्युत समस्या का निराकरण नहीं तो करेंगे हाइवे पर चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)



- पिथौरा क्षेत्र के गांवों में विद्युत समस्या से लोग परेशान, सौंपा ज्ञापन

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) पिथौरा अंतर्गत आने वाले ग्राम ठाकुरदिया कला, सरायपाली, मोहदा, खुसरुपाली, कोटनदादर, नयापारा, अरंड बेलर सहित आसपास के पंचायत क्षेत्रों में इन दिनों असमय विद्युत कटौती से किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लगातार और बिना सूचना के हो रही बिजली कटौती के कारण सैकड़ों एकड़ में खड़ी फसल प्रभावित हो रही है।

किसानों का कहना है कि सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली नहीं मिलने से खेतों में लगी धान एवं अन्य फसलें सूखने की कगार पर पहुंच गई हैं। विद्युत आपूर्ति की बदहाल स्थिति के चलते कृषि कार्य बाधित हो रहा है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक स्थिति में कोई ठोस सुधार नहीं हुआ है। सोमवार को ग्रामीणों ने एकजुट होकर कनिष्ठ यंत्री कार्यालय पहुंचकर लिखित आवेदन सौंपा और शीघ्र नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे विद्युत मंडल कार्यालय का घेराव करने के साथ-साथ राष्ट्रीय राजमार्ग जाम करने को बाध्य होंगे।

# देवेंद्र बने भाजपा अजा मोर्चा के जिला महामंत्री



**झलप।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ सनम जांगड़े ने महासमुंद जिला अध्यक्ष प्रमोद सागर की अनुशंसा पर युवा भाजपा नेता देवेंद्र राय को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला महासमुंद के जिला महामंत्री नियुक्त किया है। जिला महामंत्री बनाए जाने पर पहली बार गांव पहुंचने पर ग्रामवासियों ने गुलाल व पुष्पमाला से देवेंद्र राय का स्वागत किया। इस बीच प्रमुख रूप से पंचराम राय, बाबूलाल मन्नाडे, जीवराखन जांगड़े, मोहरदास आवड़े, सुकालू कुर्रे, राजाराम भास्कर, आनंद मन्नाडे, रेखराम प्रभाकर, दुलस साहू, गोवर्धन आवड़े, मुकेश खुटे, नंदू टंडन, अर्जुन कोसरिया, टेकराम भारती, लोकेश राय, अंगध्वज कोसरिया, बसंत कोसरिया, टीकम बंजारे, बेदराम जांगडे, दशरथ लहरे, चतुर कुर्रे, त्रिलोचन ध्रुव, कपिल टंडन, सोनू भारती, पवन ध्रुव, राजकुमार मन्नाडे, लखन राय, खिलेश जांगडे, नरोत्तम ध्रुव, वार्ड पंच लखन ध्रुव, भारत टंडन व समस्त ग्रामीवासियों ने हर्ष जताया है।

# कॉलेज में वार्षिकोत्सव, विविध स्पर्धाएं भी हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में 10 से 14 फरवरी तक आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह ने पूरे परिसर को रचनात्मकता, उत्साह और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया। प्राचार्य डॉ. संध्या भोई के निर्देशन एवं साहित्यिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ. चंद्रिका चौधरी के मार्गदर्शन में आयोजित इस पंचदिवसीय आयोजन ने विद्यार्थियों की प्रतिभा को नया आयाम प्रदान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास को प्रोत्साहित करना तथा उनकी सृजनात्मक क्षमता को मंच प्रदान करना था। पूरे सप्ताह महाविद्यालय परिसर में उत्सव जैसा वातावरण बना रहा।



थाल सज्जा प्रतियोगिता में नताशा नायक (एमएससी प्राणिशास्त्र चतुर्थ सेमेस्टर) ने प्रथम स्थान प्राप्त कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। सारिका प्रधान (बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर) द्वितीय तथा रुबीना नाग तृतीय स्थान पर रहीं। हस्तशिल्प प्रतियोगिता में आकांक्षा पुरोहित (एमएससी रसायन चतुर्थ सेमेस्टर) ने उत्कृष्ट कला कौशल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान अर्जित किया। सारिका प्रधान द्वितीय एवं मेघा दास तृतीय रहीं। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रियंका बारीक (एमएससी रसायन द्वितीय सेमेस्टर) ने आकर्षक डिजाइनों से निर्णायकों को प्रभावित किया। कामिनी पटेल (एमएससी प्राणिशास्त्र चतुर्थ सेमेस्टर) द्वितीय एवं साहिबा परवीन (बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर) तृतीय स्थान पर रहीं। साहित्यिक गतिविधि में मौलिक हिंदी कविता लेखन में अशोक बरिहा (एमए हिंदी चतुर्थ सेमेस्टर) प्रथम, रीना साव (बीए भाग-तीन) द्वितीय तथा मेघा दास तृतीय रहीं। छत्तीसगढ़ी कविता लेखन में रीना साव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सूरज कन्हेर (एमएससी रसायन द्वितीय सेमेस्टर) द्वितीय एवं भाग्यश्री अंचल (बीए भाग-तीन) तृतीय रहीं। मौलिक लघुकथा लेखन में अशोक बरिहा ने प्रथम, रीना साव ने द्वितीय तथा मेघा दास ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

निबंध लेखन प्रतियोगिता में सूरज कन्हेर ने प्रथम, अशोक बरिहा ने द्वितीय तथा मुस्कान अग्रवाल (एमएससी प्राणीशास्त्र चतुर्थ सेमेस्टर) ने तृतीय स्थान अर्जित किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. संध्या भोई ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं सांस्कृतिक चेतना का विकास करते हैं। सम्पूर्ण आयोजन में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, अधिकारी एवं कर्मचारियों का सराहनीय सहयोग रहा। यह वार्षिकोत्सव विद्यार्थियों के लिए अविस्मरणीय अनुभव बन गया।




### महाशिवरात्रि में रात्रि जागरण कर पापों से मुक्त होने भक्तों ने की शिव उपासना, चारों पहर की हुई पूजा

**सरायपाली।** महाशिवरात्रि के अवसर पर मनसा देवी मंदिर ब्लाक कालोनी स्थित शिव मंदिर सहित क्षेत्र में जगह-जगह हर्षोल्लास और आध्यात्मिक वातावरण दिखाई दिया। महाशिवरात्रि में रात्रि जागरण का विशेष महत्व होने के चलते सभी शिवालयों में भजन-कीर्तन और चारों पहर के अभिषेक का दौर चलता रहा। महाशिवरात्रि पर्व पर महादेव में जलाभिषेक करने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। ब्रम्ह मुहूर्त से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। देर रात तक यहां भीड़ रही। शिव भक्तों ने बोल बम, हर-हर महादेव के जयकारा लगाते मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने जलाभिषेक किया। सबसे ज्यादा संख्या महिलाओं व युवतियों की रही, जिन्होंने अपनी मनोकामना के लिए पूजा की थाली में बेलपत्र, धतूरा, आंक फूल पत्ते, टेसू फूल, कनेर, दूर्वा, चावल, आम का बौर, दूध, पंचामृत, गन्ना रस, गंगाजल, नारियल, धूप, दीप के अलावा विभिन्न पूजा सामग्रियों से भोलेनाथ की पूजा की। पंडितों के अनुसार महाशिवरात्रि की रात को जागरण की रात माना जाता है। रात में जागरण करने से आध्यात्मिक ऊर्जा बढ़ती है। मान्यता है कि इस रात शिव उपासना, मंत्र जाप और ध्यान करने से पाप क्षीण होते हैं और मन को शांति मिलती है। व्रत व जागरण से आत्मसंयम, सकारात्मकता और मानसिक शक्ति भी बढ़ती है और भोलेनाथ की विशेष कृपा प्राप्त होती है।

# मुनगासेर में श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का हुआ समापन, पूर्णाहुति के बाद हुआ भंडारे का आयोजन





**झलप।** ग्राम मुनगासेर में आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का अंतिम दिवस है। 11 फरवरी से प्रारंभ हुई सात दिवसीय भागवत कथा का समापन सोमवार 17 फरवरी को पूर्णाहुति, हवन एवं विशाल भंडारे के साथ किया गया। पूरे गांव में भक्ति और उत्साह का वातावरण रहा।

वृंदावन धाम की कथावाचिका अनुराधा प्रिया (अदिति मिश्रा) द्वारा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक कथा वाचन किया गया। कथा के दौरान वामन-बलि प्रसंग, रामावतार, श्रीकृष्ण जन्म, बाल लीलाएं, माखन चोरी, रुक्मिणि विवाह सहित विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया गया। मधुर भजनों और संकीर्तन से श्रद्धालु भक्तिरस में डूबते रहे। शनिवार को श्रीराम एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महिलाओं ने पारंपरिक सोहर गीत गाकर मंगलध्वनि की, वहीं श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीणों सहित आसपास के गांवों से भी श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंचते रहे। अंतिम दिवस पर विशेष पूजन, हवन-पूर्णाहुति एवं महाप्रसाद (भंडारा) का आयोजन किया गया है। सात दिनों तक चले इस धार्मिक आयोजन से पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ और ग्राम मुनगासेर भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा।

### बागबाहरा-छिलपावन राजकीय मार्ग पर ओवरलोड वाहनों का बढ़ता दबाव, धंस रही सड़क

**लगातार उड़ती धूल से आमजन परेशान**

**झलप।** बागबाहरा से छिलपावन को जोड़ने वाला राजकीय मार्ग इन दिनों भारी वाहनों के दबाव से जर्जर होता जा रहा है। ओडिशा की ओर से रेत, गिट्टी और अन्य निर्माण सामग्री से लदे 14 से 20 चक्कों वाले ट्रक व हाइवा इस सड़क से लगातार गुजर रहे हैं। दूरी कम करने और टोल बचाने के कारण इस मार्ग पर भारी यातायात बढ़ गया है। लगातार कई टन वजन लेकर गुजरने वाले इन वाहनों से सड़क की डामर परत कई जगह धंस गई है। मोड़ों पर दरारें उभर आई हैं और जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं। रात के समय ये गड्ढे और भी खतरनाक साबित हो सकते हैं। वाहनों की रफ्तार और कंपन का असर सड़क किनारे बसे घरों तक महसूस किया जा रहा है। दिनभर उड़ती धूल से पूरा मार्ग धुंधला नजर आता है। गुजरते ट्रकों के पीछे उठने वाला धूल का गुबार मिनटों तक हवा में तैरता रहता है। दुकानदारों और राहगीरों के लिए यह परेशानी रोज की बात हो गई है। झलप स्थित हायर सेकेंडरी और मिडिल स्कूल के छात्र-छात्राएं भी धूल और भारी वाहनों के बीच जोखिम उठाकर आवागमन करने को मजबूर हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि जल्द मरम्मत और ओवरलोड वाहनों पर सख्ती नहीं की गई, तो यह मार्ग बड़े हादसे का कारण बन सकता है।

# उत्तर विधायक पुरंदर के साथ किया जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के पंडित विद्याचरण शुक्ल वार्ड स्थित जोरा में समिति भवन के प्रथम तल के अतिरिक्त विकास कार्य करवाकर जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण किया। सांसद निधि मद से 5 लाख 88 हजार रुपए की स्वीकृत लागत वाले कार्य के लोकार्पण अवसर पर रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, पार्षद प्रतिनिधि जयंत साहू सहित जोन 9 कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर, कार्यपालन अभियंता शरद ध्रुव सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे। श्री अग्रवाल ने जनता की मांग पर मंच से शौचालय निर्माण के लिए लोकसभा सांसद निधि मद से 1 लाख रुपए का स्वेच्छा अनुदान देने की घोषणा की।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### आंगनबाड़ी केंद्र में कराया नेवता भोज

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी के आंगनबाडी केंद्र क्रमांक 1 में नए सत्र 2026 के अवसर पर नेवता भोज का कार्यक्रम हुआ। सर्वप्रथम कम्युनिटी ईशा शर्मा ने बच्चों को गुलाल लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वही बच्चों व पालकों को खीर पूड़ी, आलू चना, दाल सब्जी परोसा गया। कम्युनिटी ईशा शर्मा ने बताया कि महिलाओं का वजन और खानपान, मेडिसिन विशेष ध्यान रखे व शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक विकास के बारे में गर्भवती महिलाओं से चर्चा की गई। इस अवसर पर आयोजक ईशा शर्मा, कार्यकर्ता शकुन यादव, रश्मिता, अन्नपूर्णा, सुभद्रा, तन्नू, प्रीति, संतोष, दुर्गा, गिरजा, तोरण, सखाराम, विणा, योगेश आदि मौजूद रहे।

### प्राणीशास्त्र की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा कल

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के समस्त बीएससी द्वितीय एवं अंतिम वर्ष (प्राणीशास्त्र) विषय के नियमित, अमहाविद्यालयीन, भूतपूर्व परीक्षार्थियों की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 19 फरवरी को सुबह 09 से विज्ञान भवन मचेवा में आयोजित होगी। उक्त परीक्षा में समस्त नियमित, अमहाविद्यालयीन एवं भूतपूर्व परीक्षार्थियों को प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है। सभी परीक्षार्थियों को प्रायोगिक फाइल के साथ परीक्षा दिवस को प्रातः 09 बजे तक उपस्थित होना होगा। प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित होने पर छात्र स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# देश में एक ही ऐसा राज्य जिसे महतारी का दर्जा मिला और वह है छत्तीसगढ़ : स्वामी राजीव

## भागवत के चौथे दिन गजेंद्र मोक्ष की कथा सुनकर भावविभोर हुए श्रोता, कथा श्रवण करने पहुंच रहे श्रद्धालुजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम बेमचा स्थित गुलाब बाड़ा में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन महाराज राजीव लोचन दास ने गजेंद्र मोक्ष एवं प्रहलाद चरित्र कथा का वर्णन किया। कथा के दौरान भगवताचार्य दक्षिण कौशल पीठाधीश्वर राजीव लोचन महाराज ने अनेक भक्तिमय भजनों के माध्यम से श्रोताओं को बांधे रखा। उन्होंने गजेंद्र मोक्ष कथा वृतांत बताते हुए कहा कि जब स्थिति हमारे अनुकूल न हो तो अपने आप को परम पिता परमात्मा को समर्पित कर दो। भगवान हरि नारायण आपके सारे दुखों को हर लेंगे। उन्होंने कथा के बीच छत्तीसगढ़ महतारी की यशगान करते हुए कहा कि पूरे देश में एकमात्र राज्य है, जिसे मां का दर्जा दिया गया है, और वह है छत्तीसगढ़ महतारी। मां अपने आप में एक धाम है, मां के चरणों में स्वर्ग होता है। जिस घर में माता-पिता की सेवा, आज्ञा का पालन होता है, वहां किसी भगवान को पूजने की आवश्यकता नहीं। ऐसे घरों में साक्षात भगवान का वास होता है। महाराज ने कहा कि छत्तीसगढ़ महतारी की गोद में साक्षात गंगा मैया महानदी के रूप में प्रवाहित हो रही है। यहां के लोगों को प्रयाग राज जाने की आवश्यकता नहीं। राजिम त्रिवेणी संगम मां गंगा का ही रूप है।





महाराज ने छत्तीसगढ़ महतारी की महिमा का बखान करते हुए सुमधुर भजन छत्तीसगढ़ वो धाम हे जहां रोम रोम बसे श्रीराम हे गाकर भक्तों को झूमने विवश कर दिया। उन्होंने छत्तीसगढ़ के पावन धरा पर मां कौशल्या के मायके का उल्लेख करते हुए भगवान श्रीराम के साथ छत्तीसगढ़ियों के प्रगाढ़ संबंध को बताया। उन्होंने कहा कि आज छत्तीसगढ़ के ग्राम बेमचा की पुण्य भूमि पर श्रीमद भागवत रूपी अमृत गंगा चंद्राकर परिवार के माध्यम से बह रही है। जिसका पुण्य लाभ समस्त बेमचावासियों सहित महासमुंद जिले के लोगों को मिल रहा है। कथा श्रवण करने प्रमुख रूप से आरएसएस के छत्तीसगढ़ प्रांत प्रमुख तुलसी दास, जिला प्रमुख आदित्य, जीव जंतु कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष आलोक चंद्राकर सहित दाऊ स्व.गुलाब चंद्राकर परिवार के आयोजक द्वारिका प्रसाद चंद्राकर, जानकी चंद्राकर, रमा चंद्राकर, संगीता राहुल चंद्राकर, निधि हर्ष चंद्राकर, आकांक्षा अनमोल चंद्राकर सहित ग्राम बेमचा, आसपास के ग्रामों व महासमुंद के श्रोता बड़ी संख्या में कथा सुनने उपस्थित हुए।

## समस्या : लगातार बिजली कटौती व लो-वोल्टेज से नागरिक, छात्र व किसान परेशान

# बिजली कटौती व लो-वोल्टेज की समस्या को लेकर किसानों ने विभाग को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विद्युत मंडल कोमाखान में किसानों ने बिजली कटौती व लो वोल्टेज जैसे समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा है। किसान डिगेश्वर देवांगन, मानसिह ठाकुर, धनाऊ टिकेश्वर ठाकुर, उत्तम राणा, गिरवर साहू, तिलक राम पांडे आदि ने बताया कि अभी ढंग से गर्मी की शुरूआत नहीं हुई है, अभी से बिजली कटौती व लो-वोल्टेज की समस्याओं से ग्रामीण और किसानों को जूझना पड़ रहा है। कक्षा दसवीं बोर्ड इग्जाम सामने है। बिजली की कटौती बार-बार करने से विद्यार्थियों को पढ़ाई लिखाई करने में परेशानी हो रही है। इसके अलावा क्षेत्र के साधन संपन्न ट्यूबवेल वाले किसानों ने ग्रीष्मकालीन रबी धान, गेहूं, सब्जी फसल की खेती कर रहे है। वही लो-वोल्टेज के कारण सबमर्सिबल मोटर पंप की धार पतली सी हो गई है। वही दिन में बार बार बिजली कटौती करने से सिंचाई व बच्चों की पढ़ाई व लिखाई प्रभावित हो रही है। किसानों ने लो वोल्टेज एवं बिजली कटौती की समस्याओं का निदान करने विद्युत मंडल कोमाखान के अधिकारी को ज्ञापन सौपा है। यदि लो वोल्टेज व बिजली कटौती जैसे समस्या जस की तस व सुधार नहीं होने पर किसानों ने राष्ट्रीय राजमार्ग 353 में चक्काजाम करने की चेतावनी दी है। जिसका संपूर्ण जवाबदेही शासन-प्रशासन की होगी।



### फाइलेरिया बीमारी से बचाव के लिए सामूहिक दवा सेवन का कार्यक्रम



**नर्रा।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सामूहिक दवा सेवन का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के बारे में मलेरिया निरीक्षक आरके पैकरा ने बताया कि राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत फाइलेरिया (हाथीपांव) बीमारी से बचाव के लिए महासमुंद जिले में 10 फरवरी 2026 से 25 फरवरी 2026 तक सामूहिक दवा सेवन का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत डीईसी, एलबेंडाजोल एवं आइवर्मेक्टिन की दवा उम्र एवं ऊंचाई के अनुसार खिलाई जा रही है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर नर्रा के संस्था प्रभारी डिगेंद्र परमार ने फाइलेरिया के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि फाइलेरिया को आमतौर में हाथीपांव के नाम से भी जाना जाता है। यह बीमारी संक्रमित मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होता है। फाइलेरिया शरीर को विकलांग करने वाली एक गंभीर बीमारी है। संक्रमण के बाद इस बीमारी के लक्षण दिखने में 5 से 15 वर्ष का समय लग सकता है। फाइलेरिया रोग के लक्षण की जानकारी दी।

### जिला जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित, नलकूप खनन पर प्रतिबंध

**महासमुंद।** आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा महासमुंद जिले को जलाभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है। यह आदेश छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी किया गया है। यह आदेश आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगा। आदेश के अनुसार सक्षम अधिकारी की पूर्वानुमति के बिना जिले में पेयजल के अतिरिक्त किसी अन्य प्रयोजन के लिए नया नलकूप खनन प्रतिबंधित रहेगा। शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं नगरीय निकायों को पेयजल व्यवस्था के लिए अपने क्षेत्र में नलकूप खनन के लिए पूर्व अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। लेकिन, उन्हें निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करना होगा। जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए नलकूप खनन की अनुमति प्रदान करने के लिए अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी को महासमुंद शहर (नगर पालिका क्षेत्र) एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को संबंधित अनुविभाग के लिए प्राधिकृत किया गया है। ये अधिकारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, नगरीय निकाय एवं तहसील से रिपोर्ट प्राप्त कर नियमानुसार अनुमति प्रदान करेंगे। साथ ही बोरवेल खनन एवं मरम्मत का कार्य केवल पंजीकृत एजेंसियों द्वारा ही किया जाएगा।

### वृद्धजन सेवा सदन में महाशिवरात्रि पर भव्य पूजन का आयोजन



**महासमुंद।** शहर के इमली भाठा में माता कौशल्या वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा संचालित वरिष्ठजन सेवा सदन में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सेवा सदन में विविध आयोजन हुए, जिसमें यहां रह रहे वृध्दजनों ने अपनी सहभागिता निभाई। महाशिवरात्रि के अवसर पर सर्वप्रथम शिव बारात निकाली गई। इस दौरान आसपास के नागरिक और वरिष्ठजन शामिल हुए। पश्चात विधिविधान से शिव-पार्वती का विवाह संपन्न कराया गया। शिव विवाह के पश्चात शिवाभिषेक किया गया।

### मोहगांव हाईस्कूल में 10वीं के छात्रों की दी गई विदाई

**खल्लारी।** शासकीय हाई स्कूल मोहगांव में 10वीं के विद्यार्थियों के लिए एक समारोह आयोजित कर उन्हें विदाई दी गई। यह कार्यक्रम 9वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत बरबसपुर सरपंच नरेंद्र दीवान, अध्यक्षता शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष चेतन साहू, विशिष्ट अतिथि शाला संरक्षक कोमलचंद साहू, संकुल समन्वयक हुलास दीवान और शास पूर्व माध्यमिक शाला उपाध्यक्ष उदयराम साहू थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजन से किया गया। तत्पश्चत 9वीं के छात्रों ने अपने सीनियरों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर बारी बारी से गुलाल लगाकर किया। वही छात्रों ने सांस्कृतिक और मनोरंजक खेलो के माध्यम से कार्यक्रम को और आकर्षक बना दिया। इस दौरान शाला प्रभारी प्राचार्य देवेंद्र चंद्राकर, प्रभारी शासकीय पूर्व माध्य शाला पुरुषोत्तम डड़सेना, प्राथमिक शाला प्रधान पठिका पदमा ध्रुव, शिक्षक शैलेंद्र सिंह ठाकुर, रामसिंग नाग, मनोज कुमार साहू, छोटूराम निषाद, भूपेश जसपाल, इरफान कुरैशी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छात्रा तमन्ना पटेल, थनेश्वरी साहू, स्वाति दीवान, डिगेश्वरी पटेल, सोनिया वैष्णव आदि ने स्कूल में बिताए हुए विचारो को साझा किया। साथ ही अपने विचारों को प्रस्तुत कर शिक्षकों, सहपाठियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। शिक्षकों ने भी अपने उद्बोधन में लक्ष्य लेकर पढ़ाई करने और अधिक से अधिक मेहनत करने पर जोर दिया। विद्यार्थियों को कलम भेंट देकर सम्मानित किया गया। पश्चत सभी छात्रों को भोजन कराया गया। आभार प्रदर्शन प्रभारी प्राचार्य चंद्राकर ने किया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 9वीं छात्र साहिल कुमार साहू ने किया।

### मरीजों के खून जांच में हाथीपांव के कीटाणु की संख्या ज्यादा: डॉ घृतलहरे

**सरायपाली।** विकासखंड एवं छत्तीसगढ़ राज्य के कई इलाकों में फाईलेरिया (हाथीपांव) की दवाई खिलाई जा रही है। वहीं हमारे क्षेत्र में हाथीपांव के ज्यादा मरीज है और कई व्यक्तियों के खून की जांच में हाथीपांव (फाइलेरिया) के कीटाणु काफी संख्या में पाए गए हैं। इससे भविष्य में इस बीमारी के फैलने का खतरा बढ़ गया है। यह संक्रमित व्यक्ति से स्वस्थ व्यक्ति में मच्छर के काटने से फैलता है। इसके संक्रमण से बचने के लिए साल में एक बार पूरे समुदाय के दवा सेवन करने से बचाव होगा। बीमारी हो जाने पर कोई इलाज नहीं इसलिए इसे होने ही ना दें और 10 फ़रवरी से 25 फ़रवरी 2026 के बीच सभी अस्पतालों, स्कूलों, आंगनबाडी केंद्रों एवं दवा मितानिन व स्वास्थ्य टीम द्वारा घर घर जाकर दवा खिलायी जा रही है, उनसे दवा खाकर फाइलेरिया (हाथीपांव) से बचाव किया जा सकता है। मच्छर जमे हुए पानी में पनपते हैं और मलेरिया, डेंगू, फाईलेरिया (हाथी पांव) फैलाते हैं। अतः अपने घरों के आस-पास पानी जमा होने ना दें। साथ ही 10 से 25 फरवरी 2026 तक सभी सरकारी अस्पतालों में एवं स्वास्थ्य टीम व मितानिन द्वारा मुफ्त में दवाई खिलाई जा रही है। हाथीपांव बीमारी केइस संबंध में डॉ. टीआर धृतलहरे ने बताया कि क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलने वाली लाईलाज बीमारी है। शरीर के किसी भी भाग विशेष कर एक या दोनों हाथ, पैरों तथा जननांग में सूजन हो जाती है, जो बाद में हाथी के पैर जैसी दिखती है। संक्रमित क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। कृमि से होने वाला रोग है। अगर खून में कीटाणु हैं तो अभी लक्षण न दिखें, लेकिन भविष्य में कभी भी हाथीपांव हो सकता है। संक्रमित व्यक्ति से भी आपको फैल सकता। एमडीए अभियान की दवाई खाकर जो कि संक्रमण को रोकती है।

# खम्हरिया स्कूल के छात्र-छात्राओं को किया बसेरा भेंट, गौरैया संरक्षण का दिया संदेश




हरिभूमि न्यूज ▶▶| खल्लारी

बागबाहरा ब्लॉक के ग्राम खम्हारिया निवासी लोकेश सिन्हा ने अपने शादी के मौके पर खम्हरिया स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के स्कूली बच्चों को बसेरा भेंट किया। वहीं बच्चों व प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं को गौरया संरक्षण अभियान में विशेष योगदान, सहयोग निभाने के लिए अपील की।

खल्लारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फार्मासिस्ट व दो कदम प्रकृति की ओर समिति के संस्थापक संजय साहू (आमाकोनी) ने बताया कि प्रकृति के प्रति जागरुकता के उद्देश्य से मिट्टी का बना बसेरा जो कि गौरैया के घोंसला बनाने के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। चूंकि गौरैया एक ऐसी पक्षी है, जिनको इंसानों के आसपास ही अपना घोंसला बनाना पसंद हैं। लेकिन समय के साथ मानव अपनी घरों का डिज़ाइन स्वरूप में बदलाव ला रहे है। जिसके फलस्वरूप गौरैया को अब घरों में पहले जैसा पर्याप्त जगह का अभाव हो रहा। इन सभी बातों को ध्यान में रख कर यह मिट्टी का बसेरा भेंट स्वरूप दिया जा रहा हैं। ताकि भविष्य में गौरैया को आवासीय संकट का सामना ना करना पड़े. और सभी घरों में आसानी से उनको जगह मिल सके। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य नारायण चौधरी, स्टाफ व स्कूली बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### मिट्टी का बना बसेरा किया गया भेंट

टीम दो कदम प्रकृति की ओर द्वारा चलाए जा रहे गौरैया संरक्षण के लिए जागरुकता के उद्देश्य से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खल्लारी में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक मूल्यांकन के लिए बलौदाबाजार से आए रीना सालूजा व पारस साहू को पक्षियों के लिए मिट्टी का बना बसेरा खल्लारी स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. दिलीप सतपथी ने भेंट किया गया। वहीं गौरैया संरक्षण के बसेरा भेंट करने में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खल्लारी (संस्था) के समस्त स्टाफ का भी सहयोग में विशेष योगदान रहा।

## महाविद्यालय में नशामुक्त भारत अभियान पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन

# जीवन में सकारात्मक सफलता और समस्या समाधान की आदत बनाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष व विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं प्राचार्य करुणा दुबे के निर्देशन में नशामुक्त भारत अभियान पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ एकता लंगेह, विशिष्ट अतिथि डॉ युगल चंद्राकर, उत्तरा विदानी, तारिणी चंद्राकर अलुमनी सदस्य, महाविद्यालय परिवार एवं लगभग 125 विद्यार्थी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में अतिथियों का बैच एवं बुके लगाकर स्वागत किया गया। स्वागत उदबोधन में प्राचार्य द्वारा नशामुक्त भारत अभियान कार्यक्रम की आवश्यकता, महत्व एवं नशा के प्रकारों को बताते हुए विद्यार्थियो को नशा मुक्त परिवार एवं समाज निर्माण करने के लिए शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक शिक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रेरित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ एकता लंगेह ने कहा कि सभी को अपने जीवन में सफलता का नशा करना चाहिए और हो सके तो जीवन की समस्याओं को सुलझाने के लिए विभिन्न सकारात्मक कार्यों में जुड़े रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो नशा करते हैं उनकी कोई भी प्रशंसा नहीं करता एवं उनको सम्मानजनक नजरों से नहीं देखा जाता, इसलिए नशे से दूर रहकर अपना ध्यान खेलकूद, योग और करियर में लगाना चाहिए। अपने आसपास सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना चाहिए।



विशिष्ट अतिथि डॉ युगल चंद्राकर द्वारा चिकित्सकीय तरीकों से नशा के नुकसान के बारे में बताते हुए कहा कि जब हम किसी भी प्रकार का नशा करते हैं तब हमारे शरीर में डोपामीन नाम का केमिकल उत्पन्न होता है, जो कुछ समय के लिए शरीर को उत्तेजित कर देता है। विद्यार्थियों में सबसे ज्यादा मोबाइल फोन चलाने के नशे के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि यदि आप 4 घंटे से ज्यादा फोन चलाते हैं तो यह माना जाता है कि आप मोबाइल चलाने के नशे के शिकार हैं और धीरे-धीरे यह आदत पड़ जाती है। उत्तर विदानी ने कहा कि किसी भी प्रकार का नशा हमारे मस्तिष्क धीरे-धीरे कमजोर बना देता है और हमारी सकारात्मक सोचने समझने की शक्ति को समाप्त कर देता है। तारिणी चंद्राकर ने सभी को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार से डॉ रीता पांडे, डॉ मालती तिवारी, आशुतोष पुरी गोस्वामी, डॉ जगदीश सत्यम, दिलीप बढाई, दिलीप लहरे, डॉ गरिमा दीवान, मृणाली चंद्राकर, कलम रेखा, कल्याणी साहू, सत्यनारायण दुर्गा, रोहित ढीमर, जागृति चंद्राकर, मनीष साहू, मुकेश ढीढी, रेणुका साहू, ममता साहू आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेश्वरी सोनी एवं धन्यवाद ज्ञापन अजय कुमार राजा ने किया।

